Bareilly, Sunday,
18 May 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 2 : TOP

# तनावपूर्ण जीवनशैली से बढ़ रहा है हाइपरटेंशन



**BAREILLY (17 May):** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया. शिविर में मेडिसिन विभाग की ओर से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचबीएवनसी, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, किडनी फंक्शन टेस्ट, यूरीन एल्बुमिन क्रिटेनिन रेशियो, पेरीफेरल न्यूरोपैथी, बीएमडी की जांचें की गई. कैंप में 275 लोगों ने जांच करवाई, जिनमें 12 मरीज ऐसे मिले जो कई वर्षों से शुगर नियंत्रित करने की दवाई ले रहे थे. कैंप में हाइपरटेंशन के 28 नए मरीज मिले. इन्हें जांच रिपोर्ट आने से पहले ब्लड प्रेशर ज्यादा होने की जानकारी नहीं थी. मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. दीपक दास ने बताया कि कैंप में 15 प्रतिशत मरीज ऐसे मिले, जिनके बीएमडी टेस्ट में हड्डियां खोखली होने का पता चला.